# बुद्धि

# Intelligence

**Rajesh Kumar Goyal**

**Department of Education**

# बुद्धि क्या है

बुद्धि शब्द का प्रयोग हम साधारण बोलचाल की भाषा में कई अर्थों में करते हैं । जैसे

राजेश बहुत बुद्धिमान लड़का है ,

राजेश का दिमाग महेश से बहुत तेज चलता है,

महेश का बौद्धिक विकास नहीं हुआ है ।

अगर इन सारी चीजों का जवाब देखा जाए तो एक बात आती है जिस मानसिक तत्व के कारण बालकों के सीखने की क्षमता में अंतर उपस्थित होता है , जिसके कारण उनकी स्मृति में भिन्नता दिखाई देती है , जिसके कारण उनकी समस्याओं के समाधान करने की भिन्नता दिखाई देती है । ऐसे अर्थ को हम बुद्धि की संज्ञा देते हैं या दूसरे शब्दों में बुद्धि वह मानसिक शक्ति है जो वस्तुओं एवं तथ्यों को समझने,उनमें आपसी संबंध खोजने तथा तर्क पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने में सहायक होती है

# बुद्धि क्या है



बुद्धि एक व्यक्ति के सफलतापूर्वक और दक्षता पूर्वक कार्य करने की क्षमता का नाम है बुद्धि के कारण ही व्यक्ति अपने सभी कार्य आसानी से कर सकता है अतः हम कह सकते हैं कि जो व्यक्ति किसी कार्य को जितने अच्छे तरीके से करता है उसमें उतनी ही बुद्धि होती है और जो व्यक्ति अपने कार्यों को अच्छे तरीके से नहीं कर पाता है उसमें कहा जाता है कि बहुत कम बुद्धि है । इसके अलावा जो व्यक्ति अमूर्त चिंतन कर सकता है उसमें बुद्धि अधिक मानी जाती है या जो व्यक्ति वातावरण के साथ आसानी से समायोजन कर लेता है उसमें बुद्धि मानी जाती है ।

# बुद्धि की परिभाषाएँ



किसी स्थिति का सामना करने या किसी कार्य को करने के लिए प्रतिभात्मक योग्यताओं का प्रयोग बुद्धि है । वुडवर्थ

बुद्धि पहचानने तथा सीखने की शक्ति है । गॉल्टन

सीखने की योग्यता ही बुद्धि है । बकिंघम

बुद्धि अच्छी तरह निर्णय करने समझने एवं तर्क करने की योग्यता है बर्ट

व्यक्ति जिस अनुपात में अमूर्त चिंतन करता है उसी अनुपात में वह बुद्धिमान कहलाता हे अर्थात अमूर्त चिंतन की योग्यता ही बुद्धि है ।

टर्मन

जीवन की नई समस्याओं और स्थितियों के अनुसार अपने आप को ढालने की सामान्य मानसिक योग्यता बुद्धि कहलाती है । नई परिस्थितियों में समायोजन की योग्यता ही बुद्धि है ।

स्टर्न

अपेक्षाकृत नई व परिवर्तित स्थितियों को समझने तथा उनके अनुसार समायोजित करने की योग्यता बुद्धिहै ।

स्पीयरमैन

# बुद्धि

बुद्धि सीखने की योग्यता है

बुद्धि अमूर्त चिंतन की योग्यता है

बुद्धि नवीन परिस्थितियों में समायोजन की योग्यता है

# बुद्धि के सिद्धांत

| | |
|---|---|
| बुद्धि का एक कारक सिद्धांत | अलफ्रेड बिने |
| बुद्धि का द्विकारक सिद्धांत | स्पीयरमैन |
| बुद्धि का बहुकारक सिद्धांत | थार्नडाइक |
| बुद्धि का समूह कारक सिद्धांत | थर्स्टन |
| बुद्धि का पदानुक्रमिक सिद्धांत | बर्नन व बर्टन |
| बुद्धि का बहु बुद्धि सिद्धांत | गार्डनर |
| बुद्धि का त्रिआयामी सिद्धांत | गिलफोर्ड |

# मानसिक आयु व बुद्धि लब्धि

सबसे पहले मानसिक आयु (MENTAL AGE ) शब्द का प्रयोग अल्फ्रेड बिने ने किया ।

मानसिक आयु से तात्पर्य किसी व्यक्ति द्वारा जिस आयुवर्ग के बौद्धिक कार्य किए जाते है वही उसकी मानसिक आयु मानी जाती है ।

बुद्धि लब्धि (INTELLIGENCE QUOTIENT I.Q. ) शब्द का प्रयोग सबसे पहले स्टर्न ने किया जबकि बुद्धिलब्धि का सूत्र टर्मन द्वारा दिया गया ।

$$I.Q. = M.A. / C.A. * 100$$

# टर्मन का वर्गीकरण

| I.Q. | Level Of Intelligence |
|---|---|
| 140 व उससे ऊपर | प्रतिभाशाली (Genious) |
| 120-140 | प्रखर बुद्धि (Very Superior) |
| 110-120 | अति सामान्य बुद्धि (Superior) |
| 90-110 | सामान्य या औसत बुद्धि (Superior) |
| 75-90 | अल्पबुद्धि (Dull) |
| 50-75 | मूर्ख (Morons) |
| 25-50 | मूढ़ (Imbecile) |
| 25 से कम | जड़बुद्धि (Idiot) |

# Thank you